हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का

**PAGE NO: 04 TOP**

# एसआरएमएस व आईके कलेक्शन भी सेमीफाइनल में

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन बुधवार को तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने जस क्रिकेट एकेडमी को 65 रन से हरा कर सेमीफाइनल में स्थान बनाया। इस रोमांचक मैच का वहां मौजूद दर्शकों खूब लुत्फ उठाया। हर चौके पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं।

30 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 62 रन बनाने वाले एसआरएमएस के हितेश नरूला को मैन आफ द मैच चुना गया। चौथे क्वार्टर फाइनल में आईके कलेक्शन एसजी कैंट बरेली ने हरदोई स्ट्राइकर्स को 117 रनों से हरा कर सेमीफाइनल का टिकट पाया। 35 गेंदों पर 10 चौके और सात छक्कों की मदद से 90 रन बनाने के लिए आईके कलेक्शन के सत्यम संगू मैन आफ द मैच चुने गए। टूर्नामेंट के दोनों सेमीफाइनल 27 फरवरी को होंगे। खिलाड़ी अभी से सेमीफाइल की तैयारी करने में जुट गए हैं। पहले सेमीफाइनल में आईके कलेक्शन और ठेकेदार इलेवन जबकि दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और आईके कलेक्शन एसजी कैंट की टीमें एक दूसरे से भिड़ेंगी। इस दौरान टीमें अपनी अपनी जीत का दावा कर रही हैं।